# कुलसचिव कार्यालय
## लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2020

दिनांक :.........................................

ई–मेल/अत्यावश्यक

## नोटिस

प्राचार्या,
नवयुग कन्या महाविद्यालय,
राजेन्द्र नगर, लखनऊ।

महोदया,

सूच्य है कि हिन्दी दैनिक समाचार पत्र "राष्ट्रीय सहारा" में 'फीस के लिए नवयुग कन्या डिग्री कालेज ने बुला लीं सैकड़ों छात्राएं' नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित हुयी है (छायाप्रति संलग्न)। कोविड–19 के कारण प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थान भी बन्द चल रहे हैं जबकि उक्त खबर में यह अंकित किया गया है कि महाविद्यालय द्वारा फीस के लिए छात्राओं को महाविद्यालय में बुलाया गया जिसके कारण सैकड़ों छात्राओं का समूह महाविद्यालय में एकत्र हो गया जैसा कि समाचार पत्र में छपी फोटो से भी परिलक्षित हो रहा है। समाचार पत्र में छपी खबर के अवलोकन से स्पष्ट है कि महाविद्यालय द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग सहित सरकार द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन नहीं किया गया जो महाविद्यालय द्वारा की गयी घोर लापरवाही व सरकार के निर्देशों की अवहेलना किये जाने का द्योतक है।

अतः अपेक्षा की जाती है कि कोविड–19 के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन किन परिस्थितियों में नहीं किया गया, के सम्बन्ध में तीन कार्य दिवसों में स्पष्टीकरण आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(डॉ0 विनोद कुमार)
कुलसचिव

संख्या : AF-9376-78 दिनांक : 15/06/2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0वि0 को निःशुल्क प्रकाशनार्थ।
5. प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या, लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त समस्त महाविद्यालयों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कोविड–19 के दृष्टिगत निर्गत गाइड लाइन का प्रत्येक दशा में अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

कुलसचिव